

3

# बचपन का बैंक

प्रस्तुत पाठ में बताया है कि बच्चों को फ़िज़ूल की चीज़ें न खरीदकर बचत करनी चाहिए। बचत किए गए पैसे एक दिन बहुत काम आते हैं।



अवि और रोहन की गरमी की छुट्टियों में उनकी गीता मौसी घर आईं। वह उनके लिए मिट्टी का गुल्लक लाईं, जो दिखने में फुटबॉल की तरह थी।

"मौसी, यह क्या चीज़ है? देखने में तो यह फुटबॉल जैसी ही है, लेकिन इतनी छोटी क्यों है और इसमें तो लंबा-सा छेद भी है। इसमें हवा कैसे भरी जाएगी?" अवि बोला और हाथ में पकड़े गुल्लक को उलट-पलटकर देखने लगा।

"अरे बुद्धूराम! यह सचमुच की फुटबॉल नहीं, गुल्लक है, गुल्लक।" मौसी ने हँसते हुए बताया।

"गुल्लक! गुल्लक क्या होता है मौसी?" बगल में खड़े रोहन ने पूछ लिया।

"जैसे तुम्हारे पापा अपना पैसा बैंक में रखते हैं वैसे ही तुम लोग अपना पैसा गुल्लक में रख सकते हो। तुम दोनों को अपने पापा-मम्मी से या घर आने-जाने वाले रिश्तेदारों से पैसे मिलते हैं, उसे इस छेद में से गुल्लक में डाल दिया करो। इस तरह तुम इस गुल्लक में पैसे इकट्ठे कर सकते हो।" मौसी ने दोनों भाइयों को समझाया।

**शिक्षण-संकेत**

- बच्चों को प्रभावशाली ढंग से यह पाठ पढ़ाएँ।
- पाठ पढ़ाते हुए बीच-बीच में रोचक प्रश्न पूछें; जैसे— (क) क्या आप भी गुल्लक में पैसे डालते हैं? (ख) गुल्लक में रखे पैसों का आप क्या करते हैं? आदि।

मौसी ने अपने पर्स से पाँच रुपये के दो सिक्के निकाले और दोनों भाइयों को एक-एक सिक्का देते हुए बोलीं, "चलो, अब तुम लोग अपनी-अपनी गुल्लक में पैसे डालो।"

गुल्लक मिलने के बाद अवि और रोहन ने टॉफ़ी और चॉकलेट खरीदना छोड़ दिया था। उन्हें जहाँ से भी पैसे मिलते थे, वे तुरंत उस गुल्लक में डाल देते थे। दोनों भाइयों में इस बात की होड़ रहती थी कि किसकी गुल्लक पहले भरेगी।

इसी तरह दिन बीतते गए। एक बार अचानक अवि के पापा को किसी काम से कुछ दिनों के लिए बाहर जाना पड़ गया। घर में सिर्फ़ अवि, रोहन और उनकी मम्मी रह गईं। दूसरे ही दिन एकाएक अवि को बुखार हो गया। मम्मी उसे लेकर भागी-भागी डॉक्टर के पास गईं। डॉक्टर ने बताया कि उसे मलेरिया हो गया है। उसकी दवाइयों और जाँच में मम्मी के सारे पैसे ख़र्च हो गए और अवि के पापा के वापस लौटने में अभी दो दिन बाकी थे। उसकी मम्मी परेशान थीं कि पैसों का इंतज़ाम कहाँ से करें!

मम्मी को परेशान देखकर अवि ने कहा, "मम्मी परेशान क्यों होती हो? मेरा गुल्ल्क तो है न, उसमें से पैसे ले लीजिए।"



"अरे हाँ! तुम्हारे गुल्लक का तो मुझे ध्यान ही नहीं था।" मम्मी एकदम से चहक उठीं। इतने में अवि ने कमरे से गुल्लक लाकर ज़मीन पर पटक दिया और खन-खन, खन-खन करते ढेर सारे पैसे चारों तरफ़ बिखर गए। माँ बेटे दोनों ने मिलकर गिने तो वे पूरे एक हज़ार रुपये थे। "मम्मी! कहिए तो रोहन का गुल्लक भी ले आऊँ, उसमें तो और भी अधिक पैसे होंगे," अवि ने पूछा। "नहीं बेटा! अभी ये काफ़ी हैं, तब तक तुम्हारे पापा भी आ जाएँगे।" पैसों को सँभालते हुए मम्मी ने कहा।

देखा बच्चो! अवि और रोहन के गुल्लक के पैसे कितने काम आए!

**शिक्षा** हमें फ़िज़ूलखर्च नहीं करना चाहिए।

## शब्द-पोटली

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| छेद | – सूराख | डॉक्टर | – चिकित्सक | इकट्ठा | – एकत्र |
| बुद्धू | – मूर्ख | परेशान | – दुःखी | बिखरना | – फैलना |
| इंतज़ाम | – प्रबंध | पर्स | – बटुआ | अचानक | – एकाएक |

# अभ्यास

## संकलित मूल्यांकन

### पाठ बोध

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

**मौखिक**

(क) गरमियों की छुट्टियों में कौन आया?

(ख) गुल्लक किस आकार की थी?

(ग) दोनों भाइयों ने क्या खरीदना छोड़ दिया था?

(घ) अवि को कौन-सी बीमारी हो गई थी?

**लिखित**

(क) दोनों भाइयों के क्या नाम थे?

_______________________________

(ख) मौसी ने पर्स में से क्या निकाला?

_______________________________

(ग) मम्मी परेशान क्यों थी?

_______________________________

(घ) अवि ने अपनी मम्मी की मदद कैसे की?

_______________________________

2. सही विकल्प के आगे ✓ लगाकर वाक्य पूरे कीजिए :

(क) मौसी दोनों भाइयों के लिए __________ की गुल्लक लाईं।

लोहे ☐ मिट्टी ☐ चाँदी ☐

(ख) अवि और रोहन के पापा ____________ में पैसे रखते हैं।

बैंक ☐ घर ☐ संदूक ☐

(ग) डॉक्टर ने अवि को ____________ बताया।

मलेरिया ☐ पीलिया ☐ डेंगू ☐

(घ) हमें ____________ खर्च नहीं करना चाहिए।

ज़रूरी ☐ फ़िज़ूल ☐ दोनों सही ☐

3. किसने, किससे कहा?

| | वाक्य | किसने कहा? | किससे कहा? |
|---|---|---|---|
| (क) | "अरे बुद्धूराम! यह सचमुच की फुटबॉल नहीं गुल्लक है, गुल्लक।" | ________ | ________ |
| (ख) | "गुल्लक! गुल्लक क्या होता है मौसी?" | ________ | ________ |
| (ग) | "मम्मी परेशान क्यों होती हो? मेरी गुल्लक तो है न, उसमें से पैसे ले लीजिए।" | ________ | ________ |

## भाषा बोध

1. इन शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए :

गुल्लक – ______________________________

बैंक – ______________________________

डॉक्टर – ______________________________

टॉफ़ी – ______________________________

2. दिए गए विशेषण शब्दों के लिए सही विशेष्य शब्द छाँटकर लिखिए :

सुंदर ____________ लंबा-सा ____________

ढेर सारे ____________ लाल ____________

| | |
|---|---|
| छेद | गुल्लक |
| रंग | पैसे |

3. अनुस्वार/अनुनासिक के चिह्न लगाकर लिखिए :

फुटबाल ____________ हसते ____________ बैक ____________

पाच ____________ टाफी ____________ जाच ____________

4. लिंग बदलकर लिखो :

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| मौसी | ________ | मम्मी | ________ | बेटा | ________ |
| भाई | ________ | मामा | ________ | शेर | ________ |

## रचनात्मक मूल्यांकन

### मौखिक अभ्यास

- निम्नलिखित शब्दों का शुद्ध उच्चारण कीजिए तथा लिखिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| छुट्टियों | बुद्धूराम | रिश्तेदारों | मलेरिया |
| ________ | ________ | ________ | ________ |
| सँभालते | इकट्ठे | इंतज़ाम | दवाइयों |
| ________ | ________ | ________ | ________ |

### परिचर्चा

- 'बच्चो, आप अपनी पॉकेटमनी का क्या करते हैं?' इस विषय पर बातचीत कीजिए और पाँच वाक्य लिखिए :

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

________________________________________

### परियोजना कार्य

- अपने दो मित्रों से पता कीजिए कि वह अपने पैसों का क्या करते हैं? इसके साथ-साथ उनके द्वारा बताई गई बातें नीचे दिए गए स्थान पर लिखकर अध्यापक को दिखाइए :

मित्र – 1

________________________________________

________________________________________

मित्र – 2

## उच्च बौद्धिक स्तरीय प्रश्न (HOTS)

- क्या बचत करना आवश्यक है? क्यों?

## मूल्यपरक प्रश्न (VBQ)

- आपके मम्मी-पापा या कोई रिश्तेदार आपको रुपए देते हैं तो आप उन रुपयों का क्या करते हैं?

## जीवन कौशल (Life SKill)

- हमें जीवन में बचत करने की आदत डालनी चाहिए तथा फ़िज़ूलखर्ची नहीं करनी चाहिए।